city भास्कर

17/12/2014

# फिक्की फ्लो मीट के दौरान पोलो और पार्टी का रोमांच



फिक्की फ्लो पोलो मैच विजेता टीम ट्रॉफी के साथ

सिटी रिपोर्टर ▶ जयपुर

फिक्की फ्लो इंटर स्टेट मीट 'मीटिंग्स ऑफ माइंड्स - वुमन लीडिंग चेंज' के दूसरे दिन जहां बुक लॉन्च की गई, वहीं दूसरी ओर पोलो मैच को एंजॉय किया। दिन भर में तीन सेशन हुए।

इस बीच बॉलीवुड सिंगर कविता सेठ ने भी गाने गाए। पहले सेशन में महिलाओं ने कानूनी अधिकारों को जाना, दूसरे सेशन में बॉलीवुड हस्तियों पर लिखी बुक पर चर्चा रखी गई। होटल ललित में मंगलवार को तीन सेशन रखे गए। पहले सेशन में अमरचंद मंगलदास लॉ अफेक्टिंग इन इंडिया ए रेडी रेकनोर बुक की लॉन्चिंग की गई। दूसरे सेशन में सोनी गोलानी और सिंगर कविता सेठ से इंटरेक्टिव सेशन रखा गया। सोनी ने



बॉलीवुड के 15 फिल्म मेकर्स पर बुक लॉन्च की। इसमें आशुतोष गोवारीकर जैसे नाम शामिल हैं। इस बुक में इन फिल्म पर्सनैलिटीज की सफल और संघर्ष की कहानी है। सेशन के दौरान येक अप सिड फेम सिंगर कविता सेठ ने कहा, ' मैंने तीन साल तक बॉलीवुड में संघर्ष किया है। सूफी संगीत मुझे पसंद है। इसलिए मैं गजल और सूफी संगीत की प्रस्तुति देती हूं। बॉलीवुड में ऐसे गाने नहीं गाना चाहती जिसके बोल और शब्द अभद्र हों।'

## पोलो का रोमांच

सभी मेंबर्स के लिए रामबाग पोलो क्लब में पोलो मैच रखा गया। इसमें सभी मेंबर्स ने एंजॉय किया। मैच साउथ वेस्ट और नॉर्थ ईस्ट टीम के बीच खेला गया। साउथ वेस्ट टीम विजयी रही। जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन अपरा कुच्छल ने बताया कि मीट के आखिरी दिन बुधवार को अजमेर विजिट रखा गया है।

## राजस्थानी थीम पर पार्टी

नाइट पार्टी की थीम राजस्थानी रखी गई। इसमें सभी ने साफा पहनकर राजस्थानी घूमर पेश किया। कविता सेठ ने गाने गाकर माहौल को सुरमयी बनाया।

**राजस्थान पत्रिका**

17.12.14

फ्लो की इंटरस्टेट मीट में हुआ 'लॉ इफेक्टिंग वुमन इन इंडिया' का लॉन्च। सिंगर कविता सेठ और राइटर सोनिया गोलानी से हुआ टॉक शो।

# सफलता के लिए समझौते नहीं, मेहनत चाहिए

नेशनल फ्लो की ओर से आयोजित इंटरस्टेट मीट के दूसरे दिन 'लॉ इफेक्टिंग वुमन इन इंडिया' बुक लॉन्च की गई। जगतपुरा रोड स्थित एक होटल में चल रही इस मीट के कन्वर्जेंस प्रोग्राम में मुम्बई से आई राइटर सोनिया गोलानी और बॉलीवुड सिंगर कविता सेठ ने मेम्बर्स से अपने अनुभव शेयर किए। इस मौके पर फ्लो जयपुर की चेयरपर्सन अपरा कुच्छल की ओर से रामबाग पोलो ग्राउंड में पोलो मैच भी करवाया गया।




## 'डिकोडिंग बॉलीवुड'

**एंटरप्रेन्योर** और राइटर सोनिया गोलानी ने अपनी बुक 'डिकोडिंग बॉलीवुड' को जयपुर में लॉन्च किया। सिनेमा के सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में लिखी इस बुक में बॉलीवुड के टॉप-15 डायरेक्टर्स और उनकी जर्नी को शामिल किया गया है। सोनिया बताती है कि 'इस बुक में मैंने अनुराग बसु, आशुतोष गोवारिकर, महेश भट्ट, कबीर खान, आर बाल्की जैसे डायरेक्टर्स की जिंदगी को ईमानदारी से लिखने का प्रयास किया है। सोनिया का कहना है कि अभी तो जो बातें लोग जानते थे, वह 20 परसेंट भी नहीं है। किताब पढ़कर इनकी लाइफ और स्ट्रगल को और करीब से जाना जा सकता है।'

## तीन साल घर बैठी रही

**बॉलीवुड** और सूफी सिंगर कविता सेठ ने जिंदगी के अनछुए पहलू शेयर किए। वे 'वेकअप सिड', 'कॉकटेल' और 'राजनीति' मूवी में हिट नंबर्स गा चुकी है। कविता कहती है कि 'मैं तीन साल घर में बैठकर सूफी संगीत का रियाज करती रही। अच्छे मौके का इंतजार किया, बजाय समझौता करने के। अच्छे ऑफर आए और पहचान बन गई। मुझे आइटम नम्बर गाने में एतराज नहीं है, बशर्ते उनके शब्द महिलाओं को जलील करने वाले और भद्दे ना हों।'

डेली न्यूज़
जयपुर, बुधवार
17 दिसंबर, 2014



फिक्की फ्लो की स्टेट मीट में शामिल हुई फ्लो मैम्बर्स

# मोटिवेशनल सेशन के साथ मैम्बर्स ने किया मैच एंजॉय

**मेट्रो रिपोर्टर** जयपुर ■ 16 दिसंबर

फिल्म और मॉडलिंग इंडस्ट्री से जुड़ी हुई हस्तियां भी हुईं शामिल

फिक्की फ्लो स्टेट मीट में मंगलवार को फ्लो मैम्बर्स के लिए कई इवेंट्स,इंट्रेक्शन सेशन, बुक लॉन्चिंग और पोलो मैच का आयोजन हुआ। जिसे फ्लो मैम्बर्स ने जमकर एंजॉय किया। इवेंट की शुरुआत इंट्रेक्शन सेशन से हुई इसमें बुक राइटर सोनिया गोलानी और इंडियन सिंगर कविता सेठ ने फ्लो मैम्बर्स के साथ इंट्रेक्शन किया और अपनी लाइफ से जुड़े अनुभव शेयर किए।

इस मौके पर सोनिया गोलानी की बुक 'डीकोडिंग बॉलीवुड' को लॉन्च किया गया। एमजीडी से पासआउट और मुम्बई में रह रही सोनिया ने बताया कि यह बुक बॉलीवुड इंडस्ट्री के उन 15 डायरेक्टर्स की कहानी है, जिन्होंने इंडियन सिनेमा को नए आयाम पर पहुंचाया है। इसमें फराह खान, रोहित शेट्टी, जोया अख्तर, प्रकाश झा शामिल हैं। इन डायरेक्टर्स की कहानी और इंडस्ट्री में इनके काम की शुरुआत और स्ट्रगल को इस बुक में बताया गया है। वादा, गैंगस्टर, वेकअप सिड, राजनीति, कॉकटेल जैसी फिल्मों के लिए सिंगिंग कर चुकी कविता ने कहा कि लाइफ में आगे बढ़ने के लिए परिवार का सपोर्ट जरूरी है। जब मैं अपनी अलग पहचान बनाने के लिए स्ट्रगल कर रही थी,तब मुझे कई आइटम सॉन्ग ऑफर हुए, लेकिन मेरे दिल ने उन्हें गाना गंवारा नहीं किया, ऐसे समय में पति से सपोर्ट किया।

उनका कहना था कि कि स्ट्रगल के समय परिवार के साथ से मुश्किल आसान हो जाती है। कविता का कहना है कि वे सूफियाना क्लासिक बेस्ड सात म्यूजिक एलबम म्यूजिक इंडस्ट्री को दे चुकी हैं और अभी उनका सफर जारी है। उन्होंने यह भी कहा कि लाइफ में वही करना चाहिए जो दिल करे, कभी भी सफलता के लिए वो न करें जो आपको अच्छा नहीं लगता है। जब आप अपने दिल की सुनते हुए काम करते हुए आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि जीवन में पहचान उन्हें भी आसानी से नहीं मिली। तीन साल के संघर्ष के बाद एक गाना मिला जिसने उन्हें इंडस्ट्री में नई पहचान दी।






## दो बुक्स हुईं लॉन्च

मीट में राइटर पल्लवी श्रॉफ ने 'इम्प्रुविंग वीमन फॉर शेर्ड प्रॉस्पेरिटी: लीगल एंड अदर आस्पेक्ट' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। श्रॉफ ने वुमन और लॉ से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर की। सेशन में 'लॉ अफेक्टिंग वुमन इन इंडिया' बुक भी लॉन्च की गई। फिक्की फ्लो नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने कहा कि सरल भाषा में लिखी यह बुक यह उन महिलाओं के लिए रेडी रेकनर साबित होगी जो कानूनी विकल्प पर विचार कर रही हैं।

राष्ट्रदूत जयपुर, 17 दिसम्बर, 2014

# महिलाओं के कानूनों पर आधारित पुस्तक 'ए रेडी रेकनर' का विमोचन

जयपुर, (का.सं.)। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) द्वारा भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानूनों पर एक रेडी रेकनर जारी करने की पहल की गयी है, यह इस तरह का प्रथम प्रयास है। इसमें एक औरत के जीवन के विभिन्न चरणों से सम्बंधित महत्वपूर्ण अधिकारों, जैसे: बर्थ कंट्रोल, जन्म, शादी, विरासत, उत्तराधिकार, कार्य स्थल पर कानूनी संरक्षण और यौन अपराध के खिलाफ समेत अन्य अनेक कानून शामिल किये गये हैं।

जयपुर में आयोजित दो दिवसीय फ्लो इंटरस्टेट मीट 'कन्वर्जेंस-2014' के दौरान मंगलवार को होटल ललित में आयोजित एक समारोह में इस पुस्तक का विमोचन किया गया। देश की अग्रणी लॉ फर्म अमरचंद मंगलदास एंड सुरेश ए. श्रॉफ कंपनी की टीम द्वारा इस पुस्तक को सरल भाषा में तैयार किया गया है।



फिक्की फ्लो की ओर से आयोजित इंटरस्टेट मीट 'कन्वर्जेंस-2014' के तहत मंगलवार को रामबाग पोलो ग्राउंड में पोलो मैच खेला गया। फ्लो की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूचरा से विजयी टीम की ओर से ट्रॉफी प्राप्त करते नरेन्द्र सिंह। फोटो : राष्ट्रदूत

इस अवसर पर फिक्की फ्लो की नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने कहा कि बहुत ही सरल भाषा में लिखी गई यह पुस्तक सभी कामकाजी महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। यह उन महिलाओं के लिये रेडी रेकनर साबित होगी जो कानूनी विकल्प पर विचार कर रही हैं। यह पुस्तक पल्लवी श्रॉफ की टीम द्वारा दो महीने की कड़े परिश्रम का परिणाम है जिन्होंने एक आसान 'लॉ बाइबल' तैयार करने के लिए दृढ़ संकल्प किया था।

बूचरा ने आगे बताया कि यह रेकनर कानूनी समाधानों के लिए एक रोड मैप है, जो भारत में महिलाओं के अधिकारों में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करेगा। यह न सिर्फ कंसेप्ट के रूप बल्कि प्रेक्टिकल रूप से भी जानकारी और मुद्दों का सामना करने में प्रत्येक भारतीय महिला को सक्षम करेगा। इस अवसर पर फ्लो जयपुर चैप्टर की चेयरपर्सन अपरा कुच्छल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

समाचार जगत

जयपुर, 17 दिसम्बर 2014

# 'लॉ अफेक्टिंग वुमन इन इंडिया : ए रेडी रेकनर' पुस्तक का विमोचन

जयपुर (कासं)। जयपुर में आयोजित दो दिवसीय फ्लो इंटरस्टेट मीट 'कन्वर्जेंस-2014' के दौरान मंगलवार को होटल ललित में आयोजित एक समारोह में 'लॉ अफेक्टिंग वुमन इन इंडिया : ए रेडी रेकनर' पुस्तक का विमोचन किया गया। अमरचंद मंगलदास एंड सुरेश ए श्रफ कंपनी की टीम ने इस पुस्तक को सरल भाषा में तैयार किया है। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) की ओर से भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानूनों पर एक रेडी रेकनर जारी करने की पहल की गई है।

इस तरह का यह प्रथम प्रयास है। इसमें एक औरत के जीवन के विभिन्न चरणों से सम्बंधित महत्वपूर्ण अधिकारों, जैसे: बर्थ कंट्रोल, जन्म, शादी, विरासत, उत्तराधिकार, कार्य स्थल पर कानूनी संरक्षण और यौन अपराध के खिलाफ समेत अन्य कई कानून शामिल किए गए हैं। इस अवसर पर फिक्की फ्लो की नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने कहा कि बहुत ही सरल भाषा में लिखी गई यह पुस्तक सभी कामकाजी महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। यह उन महिलाओं के लिये रेडी रेकनर साबित होगी, जो कानूनी विकल्प पर विचार कर रही है।पुस्तक पल्लवी श्रॉफ की टीम द्वारा दो महीने की कड़े परिश्रम का परिणाम है, जिन्होंने एक आसान 'लॉ बाइबल' तैयार करने के लिए दृढ़ संकल्प किया था।

**उत्तर प्रदेश के बरेली की कविता सेठ से मिलकर फ्लो सदस्य काफी रोमांचित हुईं :** इसी क्रम में सोनिया गोलानी, जोकि 'माई लाइफ, माई रूल्स', 'स्टोरीज अफ 18 अनकन्वेंशनल कैरियर्स' और 'डिकोडिंग बॉलीवुड' पुस्तकों की लेखिका है, ने कविता सेठ के साथ बॉलीवुड पर वार्ता की। वार्ता के दौरान कविता ने पार्टिसिपेंट्स के दिलों को छू लिया, जब उन्होंने अपने संघर्ष की कहानी के साथ-साथ यह बताया कि उन्होंने किस प्रकार घर से बाहर कदम रखा और वह हासिल भी किया, जो उनके दिमाग में था।

नेशनल दुनिया
बुधवार • 17 दिसंबर 2014

# रेडी रेकनर हर भारतीय महिला को करेगा सक्षम

## फ्लो इंटर स्टेट मीट 'कंवर्जेंस- 14' के तहत पुस्तक 'लॉज अफेक्टिंग वीमन इन इंडिया' का विमोचन

नेशनल दुनिया

जयपुर। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन (फ्लो) की ओर से आयोजित दो दिवसीय फ्लो इंटर स्टेट मीट 'कंवर्जेंस- 14' के तहत मंगलवार को होटल ललित में पुस्तक 'लॉज अफेक्टिंग वीमन इन इंडिया' का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानूनों पर एक रेडी रेकनर जारी करने की पहल की गई। इस किताब में एक औरत के जीवन के विभिन्न चरणों से संबंधित महत्वपूर्ण अधिकारों की जानकारी दी गई है, जिसमें बर्थ कंट्रोल, जन्म, शादी, विरासत, उत्तराधिकार, कार्य स्थल पर कानूनी संरक्षण और यौन अपराध के खिलाफ समेत अन्य कानून शामिल किए गए हैं।

इस मौके पर फिक्की फ्लो की नेशनल प्रेसिडेंट नीता बूचरा ने कहा कि पल्लवी श्रॉफ की टीम द्वारा दो महीने के कठिन परिश्रम से तैयार की गई इस किताब की भाषा बेहद सरल है और यह पुस्तक सभी कामकाजी महिलाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। जहां यह रेकनर कानूनी समाधानों के लिए एक रोड मैप है, जो भारत में महिलाओं के अधिकारों में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करेगा। वहीं यह न सिर्फ कॉन्सेप्ट के रूप में, बल्कि प्रैक्टिकल रूप से भी जानकारी और मुद्दों [का] सामना करने में हर भारतीय म[हिला] को सक्षम करेगा।

### पोलो मैच का उठाया आनंद

फ्लो सदस्यों ने रामबाग पोलो ग्राउंड में आयोजित पोलो मैच देखा। सदस्यों ने गाजे खान व मंडली और काया बैंड की संगीतमय प्रस्तुति का आनंद उठाया साथ ही स्वादिष्ट भोजन भी किया। फ्लो जयपुर चेप्टर की चेयरपर्सन अपरा कुच्छल ने बताया कि पोलो मैच में नरेंद्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह, भवानी सिंह कालवी और अन्य खिलाड़ियों ने भाग लिया।



पुस्तक 'लॉज अफेक्टिंग वीमन इन इंडिया' का विमोचन करती नीता बूचरा व अन्य।

# मॉर्निंग न्यूज़

जयपुर, बुधवार 17 दिसंबर 2014

## 'लॉ अफेक्टिंग वुमन इन इंडिया ए रेडी रेकनर' का विमोचन



जयपुर। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (फ्लो) द्वारा भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानूनों पर एक रेडी रेकनर जारी करने की पहल की गई है, यह इस तरह का प्रथम प्रयास है। इसमें एक औरत के जीवन के विभिन्न चरणों से सम्बंधित महत्वपूर्ण अधिकारों जैसे : बर्थ कंट्रोल, जन्म, शादी, विरासत, उत्तराधिकार, कार्यस्थल पर कानूनी संरक्षण और यौन अपराध के खिलाफ समेत अन्य अनेक कानून शामिल किए गए हैं। जयपुर में आयोजित दो दिवसीय फ्लो इंटरस्टेट मीट 'कन्वर्जेंस-2014' के दौरान मंगलवार को होटल ललित में आयोजित एक समारोह में इस पुस्तक का विमोचन किया गया। लॉ फर्म अमरचंद मंगलदास एंड सुरेश ए श्रॉफ कंपनी की टीम द्वारा इस पुस्तक को सरल भाषा में तैयार किया गया है। इस अवसर पर फिक्की फ्लो की नेशनल प्रेसिडेंट श्रीमती नीता बूचरा ने कहा कि यह रेकनर कानूनी समाधानों के लिए एक रोड मैप है।